उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कारपोरेशन

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 01/2023 **देहरादून, दिनांक 31.03.2023**

हरिद्वार शहर में तीर्थयात्रियों और नागरिकों के आवागमन को आरामदायक, वातानुकूलित सुविधापूर्ण व सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पी0आर0टी0 सिस्टम को स्थापित करने की योजना उत्तराखण्ड सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। हरिद्वार दर्शन के नाम से प्रस्तावित इस योजना में एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने–जाने के लिये यात्री पॉड टैक्सी का प्रयोग कर सकेंगे। भारत में यह सुविधा प्रथम बार शुरू होगी। हरित पर्यावरण के अनुरूप तथा अत्याधुनिक पॉड टैक्सी एक स्वचालित सेवा होगी, जिसमें 6 यात्री तक एक पौड टैक्सी में यात्रा कर सकेंगे।

इस योजना को मूर्तरूप देने का कार्य उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कारपोरेशन द्वारा किया जा रहा है। उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक श्री जितेन्द्र त्यागी ने बताया कि मात्र 600–800 मि0मि0 की गोलाई वाले खंभो के ऊपर एलिवेटेड बने मार्ग पर चलेगी तथा इसके रूकने के स्टेशन भी एलिवेटेड होंगे। इस योजना को इस प्रकार डिजाईन किया गया है कि हरिद्वार शहर के मूलरूप को कोई नुकसान नहीं पहुंचे तथा यात्रियों के लिये सुगम यातायात का साधन उपलब्ध हो जाये।

पॉड टैक्सी की अधिकतम गति 90 कि0मी0 प्रति घण्टा तथा औसत गति 40 से 60 कि0मी0 प्रतिघण्टा रहेगी। कुल 6 यात्री क्षमतावाली करीब 500 पॉड टैक्सी प्रतिदिन एक लाख 25 हजार यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने के लिए सुगम यात्रा का साधन बनेगी। परियोजना को 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

हरिद्वार दर्शन योजना में कुल 20.74 कि0मी0 लंबे मार्ग के निम्न 4 रूट पर पॉड टैक्सी का संचालन होगा।

प्रस्तावित कॉरिडोर

क्र0 सं0	कॉरिडोर	पी0आर0टी0 कॉरिडोर	मार्ग की लम्बाई	स्टेशनों की संख्या
1	कॉरिडोर –1	सीतापुर भारत माता मंदिर	14.55	14
2	कॉरिडोर –2	सिटी हॉस्पिटल से दक्ष मंदिर	3.1	4
3	कॉरिडोर –3	वल्मीकि चौक से ललतारो पुल	0.69	1
4	कॉरिडोर –4	गणेशपुरम से डी0ए0वी0 स्कूल	2.4	2
योग			**20.74**	**21**

गोपाल शर्मा
जनसम्पर्क अधिकारी
उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कारपोरेशन

INDEX PLAN OF HARIDWAR PRT CORRIDORS



S.No.	PRT CORRIDORS		ROUTE LENGTH (KM)	STATION DETAILS
1	Corridor 1	Sitapur to Bharat Mata Temple	14.58	14 Stations (Interchange at Valmiki Chowk Station)
2	Corridor 2	City Hospital to Daksh Temple	3.1	4 Stations (Interchange at City Hospital Station)
3	Corridor 3	Valmiki Chowk to Laltaro Bridge	0.65	1 Station (Interchange at Valmiki Chowk Station)
4	Corridor 4	Ganeshpuram to DAV School	2.4	2 Stations (Interchange at Ganeshpuram Station)
TOTAL			20.73	21 Stations (3 Interchange Stations)